# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
14—अशोक मार्ग,शक्ति भवन,
लखनऊ।

संख्या : 35 / पाकालि / सोशल मीडिया सेल — दिनांक : 14 / दिसम्बर / 2022

प्रबंध निदेशक,
मध्यांचल / पूर्वान्चल / पश्चिमांचल / दक्षिणांचल
विद्युत वितरण निगम लि0,
लखनऊ / वाराणसी / मेरठ / आगरा / केस्को—कानपुर।

**विषयः— आधिकारिक यूट्यूब चैनल के व्यापक प्रचार—प्रसार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अवगत हो कि सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ते हुए उन्हें निगमीय सुविधाओं, योजनाओं, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने हेतु सोशल मीडिया सेल द्वारा यूट्यूब चैनल के रूप में **'UPPCL Consumer Connect'** का संचालन किया जा रहा है। इसे उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के कार्यालय ज्ञाप संख्या—63 / पाकालि / सोशल मीडिया सेल (प्रचार एवं प्रसार) दिनांक 21 / 12 / 2021 के द्वारा आधिकारिक यूट्यूब चैनल की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

आधुनिक युग में सभी उपभोक्ताओं तक विद्युत विभाग की योजनाओं को वृहद स्तर पर पहुंचाने में डिजिटल माध्यम एक सशक्त भूमिका रखता है। इस वजह से ही आधिकारिक यूट्यूब चैनल को जन सामान्य के मध्य लोकप्रिय बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ध्यातव्य है कि प्रत्येक सामान्य विद्युत उपभोक्ता तक आधिकारिक यूट्यूब चैनल के विषय में जानकारी अभी तक नहीं पहुंच सकी है। आवश्यक है कि विभागीय स्तर पर channel का व्यापक प्रचार—प्रसार कराया जायें।

**आधिकारिक यूट्यूब चैनल के व्यापक प्रचार—प्रसार हेतु विधि :—**

❖ समस्त विभागीय अधिकारियों / कर्मचारियों को आधिकारिक यूट्यूब चैनल की जानकारी प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाए। जिससे संबंधित अधिकारी / कार्मिक भी उपभोक्ताओं को इस चैनल से जुडने के लिए प्रेरित कर सकें।

❖ उपभोक्ताओं के मध्य आधिकारिक यूट्यूब चैनल **'UPPCL Consumer Connect'** का व्यापक प्रचार— प्रसार करने हेतु —
- समस्त विभागीय कार्यालयों / उपकेंद्रों / विभागीय कैश काउंटरों / जन सुविधा केंद्रों एवं राशन की दुकानों पर आधिकारिक यूट्यूब चैनल **'UPPCL Consumer Connect'** से संबंधित पोस्टर / बैनर लगाया जाए।
- विद्युत बिल पर आधिकारिक यूट्यूब चैनल **'UPPCL Consumer Connect'** का नाम मुद्रित किया जाए।
- विभाग द्वारा प्रसारित की जाने वाली प्रेस विज्ञप्तियां / पोस्टर / बैनर आदि पर यथासंभव आधिकारिक यूट्यूब चैनल का नाम मुद्रित कराया जाए।
- समस्त विभागीय मोबाइल नंबर एवं 1912 पर कॉलर ट्यून के माध्यम से आधिकारिक यूट्यूब चैनल का व्यापक प्रचार—प्रसार कराया जाए।

❖ कारपोरेशन स्तर पर विभिन्न अनुभागों द्वारा उपभोक्ता हित से जुडी सूचनाओं के संबंध में वीडियो / पोस्टर / बैनर निर्मित करवाने हेतु **सोशल मीडिया सेल,** उ0प्र0पा0का0लि0 की सहायता ली जाए।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करे।

14.12.22
(अमित कुमार श्रीवास्तव)
निदेशक (वाणिज्य)

संख्या : 35 /पाकालि/सोशल मीडिया सेल दिनांक : 14/दिसम्बर/2022

प्रतिलिपि :निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अध्यक्ष, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

2— प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

3— निदेशक, वितरण/कारपोरेट प्लानिंग/वित्त/आई० टी०,/कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन, उ०प्र०पा०का०लि०,शक्ति भवन, लखनऊ।

4— अधिशासी अभियन्ता, वेब कमरा नं0 407, उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन, लखनऊ को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट www.upenergy.in पर अपलोड करने हेतु।

14.12.22

(अमित कुमार श्रीवास्तव)
निदेशक (वाणिज्य)

# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
## 14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन,
## लखनऊ।

का०ज्ञा० संख्या : 63/पाकालि/सोशल मीडिया सेल (प्रचार एवं प्रसार) दिनांक : 21/12/2021

## कार्यालय ज्ञाप

सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के लिये उन्हें निगमीय सुविधाओं, योजनाओं, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने हेतु सोशल मीडिया सेल (प्रचार–प्रसार), उ०प्र०पा०का०लि० द्वारा यूट्यूब चैनल के रूप में "UPPCL Consumer Connect" को सृजित किया गया है। इसे उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर अपलोड करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

| | |
|---|---|
| यूट्यूब चैनल का नाम | **"UPPCL Consumer Connect"** |
| टैग लाइन | "सबको बिजली, पर्याप्त बिजली, निर्बाध बिजली" |
| विवरण | इस चैनल का उद्देश्य सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को निगमीय सुविधाओं, योजनाओं, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। |
| URL | https://www.youtube.com/c/UPPCLConsumerConnect |

यूट्यूब चैनल के संचालन हेतु दिशा निर्देशः–

- उपभोक्ताओं हेतु निगमीय सुविधाओं, योजनाओं, अधिकारों एवं कर्तव्यों से संबंधित वीडियो को अपलोड किया जायेगा।
- प्रस्तावित वीडियो के कन्टेन्ट को सम्बन्धित इकाई द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा जिसका पूरा उत्तरदायित्व उक्त इकाई का होगा।
- वीडियो का निर्माण सोशल मीडिया सेल, उ०प्र०पा०का०लि० द्वारा किया जायेगा जिसे प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की अनुमति के उपरान्त अपलोड किया जायेगा।
- इस यूट्यूब चैनल का संचालन सोशल मीडिया सेल (प्रचार–प्रसार) द्वारा किया जायेगा।
- सभी निगमीय वीडियो का व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा।
- डिस्कॉम स्तर पर कार्यरत सोशल मीडिया सेल द्वारा यदि कोई वीडियो बनाया जाता है तो उसे सम्बन्धित नोडल अधिकारी की संस्तुति सहित सोशल मीडिया सेल (प्रचार–प्रसार), उ०प्र०पा०का०लि० को प्रेषित किया जायेगा, जिसे प्रबंध निदेशक, उ०प्र०पा०का०लि० की अनुमति के उपरान्त अपलोड किया जायेगा।

(पंकज कुमार)
प्रबन्ध निदेशक

संख्या : /पाकालि/सोशल मीडिया सेल (प्रचार एवं प्रसार) दिनांक : / /2021

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष, उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन लखनऊ।
2. प्रबंध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि०– पश्चिमांचल, मेरठ/पूर्वांचल, वाराणसी/मध्यांचल, लखनऊ/दक्षिणांचल, आगरा/केस्को, कानपुर।
3. निदेशक, वाणिज्य/वितरण/कारपोरेट प्लानिंग/वित्त/कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशा०, उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन लखनऊ।

(पंकज कुमार)
प्रबन्ध निदेशक